वर्ष 36 अंक 122
पृष्ठ 24+4+4=32
लखनऊ, शनिवार
21 फरवरी 2015
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

मुझे एक अदद आदमी की आज भी तलाश है 18 चार माह में पूरी करें गोद देने की प्रक्रिया

www.jagran.com
उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखण्ड • बिहार • झारखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

जागरण विशेष

- मुखबिरों पर मेहरबान सरकार >> 13
- मुसाफिरों की सुरक्षा पर भी रहेगा जोर >> 19
- रिश्तों को देती हूं तवज्जो >> जागरण सिटी II

मिशन वर्ल्ड कप

मैकुलम का सबसे तेज 50

वेलिंगटन: तेज गेंदबाज टिम साउदी के सात विकेट के बाद कप्तान ब्रेंडन मैकुलम के बल्ले से निकले विश्व कप के सबसे तेज अर्धशतक (18 गेंद) की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को विश्व कप मैच में इंग्लैंड पर एकतरफा जीत दर्ज की। कुल 50 ओवर तक भी नहीं चले मैच में इंग्लिश टीम को 33.2 ओवर में महज 123 रन पर सिमट गई, जिसके बाद मैकुलम ने 25 गेंदों पर 77 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर मैच को 12.2 ओवर में ही खत्म कर दिया। (देखें पेज 22)

पाकिस्तान vs वेस्टइंडीज
स्थान : क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड)
सुबह 3.30 बजे से

ऑस्ट्रेलिया vs बांग्लादेश
स्थान : ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया)
सुबह 9.00 बजे से

स्टार स्पोर्ट्स-1 और 3 पर

परत दर परत

सरकार की कमाई और खर्च का ब्योरा पेश करने की घड़ी आ गई है। आम लोगों की टकटकी दुनिया के सबसे तेज आर्थिक विकास कर रहे देश के पेश होने वाले बजट पर लगी है। लगे भी क्यों न ! इसी बजट से उसे अपनी जरूरत की सभी चीजों के सस्ती होने और अन्य आवश्यक सुविधाएं व सहूलियतें पाने की उम्मीद जो होती है। यह बात और है कि कई बार सेवा, सुविधा या किसी योजना के लिए धन तो आवंटित हो जाता है लेकिन सही क्रियान्वयन न होने की स्थिति में नतीजा ढाक के तीन पात ही रहता है। ऐसे ही कुछ मामलों की पड़ताल पर एक विशेष सीरीज आज से चलाई जा रही है। 'बजट: परत दर परत' सीरीज की पहली कड़ी में हम स्वच्छ भारत अभियान की पड़ताल करेंगे। (देखें पेज 19)

आवश्यक सूचना

आज के अंक के साथ चार पृष्ठीय 'संगिनी' परिशिष्ट लेना न भूलें – प्रबंधक

मंझधार में डूबे मांझी

सुबह दस बजे ही दिया इस्तीफा, नीतीश कल संभालेंगे कुर्सी

जागरण ब्यूरो, पटना : शुक्रवार प्रातः कुछ मिनटों के घटनाक्रम ने बिहार की राजनीति में महीनों से चल रहे घात-प्रतिघात के खेल का पटाक्षेप कर दिया। जदयू से बगावत कर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर जमे जीतन राम मांझी ने विधानसभा में शक्ति परीक्षण से ऐन पहले प्रातः दस बजे राजभवन जाकर अपना इस्तीफा राज्यपाल केसरीनाथ त्रिपाठी को सौंप दिया।

मांझी ने कहा, उनके समर्थक विधायकों को जान से मारने की धमकियां दी गईं। विधानसभा अध्यक्ष से भी उन्हें न्याय की उम्मीद नहीं थी। राज्यपाल ने नीतीश कुमार को नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है। वह 22 फरवरी को राजभवन में आयोजित समारोह में शपथ लेंगे। नई सरकार को 16 मार्च तक बहुमत साबित करना होगा। मांझी के इस्तीफे की खबर फैलते ही नीतीश समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री के इस्तीफे के बाद विधानसभा के भीतर अभूतपूर्व स्थिति उत्पन्न हो गई। राज्यपाल को अभिभाषण देना था, लेकिन उन्होंने पत्र भेजकर विधानसभा अध्यक्ष को सूचित किया कि बदली परिस्थितियों में वह नहीं आ रहे हैं। सदन में जदयू नेता विजय चौधरी कुछ कहना चाहते थे, लेकिन भाजपा विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद विधानसभा के सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। (शेष व संबंधित खबरें पेज 21)

बिहार को मिला खेवनहार

- शक्ति परीक्षण से पहले हुआ पटाक्षेप
- 16 तक बहुमत साबित करना होगा
- सरकार में शामिल हो सकता है राजद
- मांझी बोले-धमकी दी जा रही थी

"सरकार बचाने के लिए पूरी जोड़-तोड़ की गई। इसमें भाजपा का गेम प्लान एक्सपोज हो गया। – नीतीश कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री

"कौरवों (नीतीश की टीम) ने अभिमन्यु (मांझी) का वध कर दिया। – नंदकिशोर यादव, नेता प्रतिपक्ष

कुछ आशान्वित, कुछ आशंकित भाजपा

आशुतोष झा, नई दिल्ली

एक पखवारे से चल रहे हाई वोल्टेज राजनीतिक घटनाक्रम के बाद बिहार के मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने इस्तीफा तो दे दिया, लेकिन साथ खड़ी भाजपा को पूरा पुरस्कार नहीं मिला। समीक्षा में जुटी भाजपा को इसका तो संतोष है कि अब अगले छह महीने तक जनता के मुद्दों पर मुखर रहने की आजादी होगी, लेकिन यह कसक रह गई कि ठीक उसी दिन मुखर मांझी ने चुप्पी साध ली जब पूरे राज्य की नजर उन पर थी। संभावना जताई जा रही थी कि वह खुलकर जदयू और नीतीश कुमार के खिलाफ बोलेंगे। दिल्ली के बाद बिहार ही भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती है। एक मायने में लोकसभा चुनाव के बाद से जितने भी राज्यों में चुनाव हुए उनमें बिहार भाजपा के लिए सबसे अहम होगा। दरअसल बिहार कुछ मायनों में नाक की भी लड़ाई है। (शेष पेज 21)

बढ़ता जा रहा स्वाइन फ्लू का प्रकोप

कानपुर में दो लोगों की मौत, मरने वाले तेरह हुए

जेएनएन, लखनऊ : प्रदेश में स्वाइन फ्लू का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। आम आदमी हो या फिर अफसर सभी इस रोग की जद में आ रहे है। बीते 24 घंटे के दौरान कानपुर में दो मरीजों ने जहां दम तोड़ दिया, वहीं फैजाबाद के डीआइजी संजय कक्कड़ व मुख्य विकास अधिकारी अरविंद मल्लपा बेंगारी समेत कई अन्य लोगों के भी इसकी चपेट में आने की आशंका जताई जा रही है। एटा के पटियाली के सपा विधायक नजीबा खान जीनत समेत कई अन्य लोगों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। इधर, लखनऊ में स्वाइन फ्लू के 24 और मामले मिले हैं। इससे शहर में मरीजों की संख्या बढ़कर 144 हो गई है।

एटा के पटियाली विधानसभा सीट से सपा विधायक नजीबा खान जीनत और उनकी बेटी नाशी खान को स्वाइन फ्लू की पुष्टि के बाद लखनऊ के एसजीपीजीआइ में भर्ती कराया गया है। आगरा में एक पीसीएस अधिकारी के भी इसकी चपेट में आने की आशंका जताई जा रही है। आगरा से पांच और सैंपल जांच के लिए दिल्ली भेजे गए हैं। बुलंदशहर में छह लोग संदिग्ध मिले हैं। अभी तक जिले में चार लोग स्वाइन फ्लू का शिकार हो चुके हैं। फैजाबाद के डीआइजी संजय कक्कड़ व सीडीओ अरविंद मल्लपा बेंगारी के स्वाइन फ्लू के चपेट में आने की खबर है। कक्कड़ की बेटी पहले ही इसकी चपेट में है, जो लखनऊ में इलाज करा रही है। सीएमओ डा.राधेश्याम यादव ने बताया कि दोनों के रक्त सीरम परीक्षण के लिए लखनऊ भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही इसकी पुष्टि हो सकेगी। कानपुर में स्वाइन फ्लू से मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। देर रात स्वाइन फ्लू के दो और मरीजों की मौत हो गई। अब तक 13 मरीजों की मौत हुई है, इसमें पांच को स्वाइन फ्लू था। (शेष 21 व संबंधित खबर पेज 6)

■ गुजरात विधानसभा अध्यक्ष भी स्वाइन फ्लू की चपेट में– पेज 21

प्रशासन परेशान

- सपा विधायक डीआइजी व सीडीओ भी चपेट में
- राजधानी लखनऊ में 24 और लोग संक्रमित

नियंत्रण के लिए उप्र को पूरी मदद : नड्डा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : स्वाइन फ्लू के बढ़ते खौफ के बीच शुक्रवार को मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने यहां स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी, स्वाइन फ्लू पर काबू के उपाय और पूर्वांचल, रुहेलखण्ड व बुंदेलखण्ड में एम्स की स्थापना पर चर्चा हुई। बाद में नड्डा ने कहा कि स्वाइन फ्लू पर नियंत्रण के लिए प्रदेश को पूरा सहयोग दिया जाएगा। नड्डा ने शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात करने उनके सरकारी आवास पर पहुंचे। मुलाकात के दौरान स्वाइन फ्लू पीड़ित रोगियों के इलाज और बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता अभियान पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण अभियान प्रभावी तरीके से चलाया जा रहा है। जेई (जापानी इंसेफलाइटिस), एईएस (एक्यूट इंसेफलाइटिस सिन्ड्रोम) प्रभावित जिलों में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर की जा रही हैं। गोरखपुर मेडिकल कालेज में 500 बिस्तर वाले बाल रोग चिकित्सा संस्थान का निर्माण हो रहा है। (शेष पेज 21)

गोवंश तस्करों के हमले में सिपाही व होमगार्ड की मौत

जासं, मथुरा : गोवंश तस्करों ने गुरुवार आधी रात को पुलिस के पीछा करने पर हमला बोल दिया। पुलिस की गाड़ी को टक्कर मार दी। होमगार्ड के एक जवाव ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक कांस्टेबल की शुक्रवार तड़के आगरा में इलाज के दौरान मौत हो गई। गोवंश तस्कर एक के बाद एक तीन बैरियर और चार वाहनों को तोड़ते हुए फरार हो गए।

गुरुवार रात को राजस्थान की तरफ से मैक्स पिकप गाड़ी में गायों को लादकर गोवंश तस्कर राधाकुंड-राल मार्ग होते हुए हाईवे की तरफ आ रहे थे। जैंत में गांव राल पर गश्ती पुलिस दल के सिपाही गरीबदास और होमगार्ड ब्रह्मानंद ने बैरियर लगाकर पिकप को रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक बैरियर तोड़कर भाग निकला। इस पर ब्रह्मानंद ने जैंत चौकी प्रभारी अखिलेश को वायरलेस पर संदेश दिया। अकबरपुर में सिपाही भानु ने होमगार्ड की मदद से दो ट्रक, दो कार, और अपनी मोटर साइकिल आड़ी-तिरछी लगा दीं। इसी बीच तेज रफ्तार में आई गो तस्करों की मैक्स ने वाहनों में जोरदार टक्कर मारी और तस्कर भाग निकले। चौकी प्रभारी ने तस्करों की गाड़ी का पीछा किया। तस्करों को ओवरटेक करने की कोशिश में उनकी जीप तीन बार पलटने से बची। (शेष पेज 21)

(एसडीएम को कुचलने की कोशिश -14)

लाचार पुलिस

- तीन बैरियर और चार वाहनों को तोड़ हुए फरार
- घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था होमगार्ड ने

एसपी के सामने सपा का झंडा लगाकर गुंडागर्दी

जाका, गोंडा : कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के तमाम दावों की कलई गुरुवार की रात एसपी के सामने खुलकर सामने आ गई। लग्जरी कार में सपा का झंडा लगाकर सत्ता के मद में चूर दबंगों ने गुरुवार की रात गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्राली चालक की इसलिए बेरहमी से पिटाई कर दी, क्योंकि उसने साइड देने में थोड़ी देरी कर दी। बीचोंबीच सड़क पर दबंग उसे बेरहमी से पीटने लगे, इसी बीच फैजाबाद की तरफ से एसपी राजेश पांडेय वहां पहुंच गए। पहले तो उन्होंने चालक को छुड़ाने का प्रयास किया, जिस पर दबंग बिगड़ गए। एसपी ने तीनों वाहनों को तत्काल कोतवाली पुलिस की सिपुर्दगी में कर दिया। पुलिस ने वाहनों को सीज कर दिया, लेकिन कुछ ही देर में तीनों वाहन चालकों को रिहा कर दिया। (शेष पेज 21)

बजट भी कर रहे थे लीक

जासं, नई दिल्ली : पेट्रोलियम मंत्रालय के दस्तावेज बेचने के आरोप में गिरफ्तार आरोपियों के पास से आम बजट 2015-16 के लिए वित्त मंत्री के भाषण के कागजात भी बरामद हुए हैं।

इसमें नेचुरल गैस ग्रिड से संबंधित योजना भी है। श्रीलंका में गैस निकालने संबंधी संभावनाओं पर तैयार रिपोर्ट की फोटोस्टेट कॉपी भी उनके पास से मिली है। इस बीच शुक्रवार को पेट्रोलियम मंत्रालय के दस्तावेज लीक मामले में दिल्ली पुलिस ने सात और लोगों को गिरफ्तार किया। (शेष व संबंधित खबरें पेज 21)

- पेट्रोलियम दस्तावेज लीक मामले में सात और गिरफ्तारी

■ रिलायंस व एस्सार के अधिकारी गिरफ्तार– पेज 21

पुत्री का तिलक चढ़ाने सैफई पहुंचे लालू

- बस से आया राजद अध्यक्ष का पूरा परिवार
- सीएम अखिलेश, रामगोपाल शिवपाल ने की अगवानी

सैफई में लालू प्रसाद यादव के साथ मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, प्रो. रामगोपाल यादव व अन्य जागरण

जासं, इटावा : अपनी सातवीं पुत्री राजलक्ष्मी यादव का तिलक चढ़ाने के लिए लालू प्रसाद यादव शुक्रवार शाम करीब पांच बजे बसों और कारों के काफिले से सैफई पहुंच गए। उनके साथ बेटियां, दामाद व समधी भी आए हैं। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, उनके चाचा सांसद रामगोपाल यादव व कैबिनेट मंत्री शिवपाल यादव व सांसद धर्मेंद्र यादव ने अतिथियों की अगवानी की। मुलायम सिंह यादव के पौत्र तेज प्रताप यादव की शादी राजलक्ष्मी से हो रही है। तिलकोत्सव शनिवार सुबह आठ बजे से होगा। (शेष 21 व संबंधित खबर पेज 15)

अर्थसार

सोना	प्रति दस ग्राम	₹27,150 ▼₹25
चांदी	प्रति किलोग्राम	₹37,300 ▲₹25
सेंसेक्स		29,231.41 ▼230.86
निफ्टी		8,833.60 ▼61.70
डॉलर		₹62.23 ▼₹0.12
यूरो		₹70.43 ▼₹0.40